# दिल ना तुम किसी का तोड़ो | By Mukesh Bagda |

दिल ना तुम किसी का तोड़ो
दिल टुटा तो मंदिर टूटेगा,
दिल में है भगवान का डेरा,
दिल टुटा तो रब ये रूठेगा,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो।

दिल है प्यारे कांच का टुकड़ा
ठेंस लगी तो टूट के बिखरा,
प्यार भरे सीने में ठेंस कभी ना लागे,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो।

होंठ हँसे तो मन खिल जाए
मुख मंडल पर खुशियां छाए,
दूजे के होंठों की हंसी कभी ना छीनो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो।

दिल हँसे तो भगवान भी हँसता
दिल रोए तो कहर बरसता,
हंसने दो हर दिल को रोने कभी ना देना,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो।

गिरता मंदिर बन जाएगा
टुटा दिल ना जुड़ पाएगा,
'हर्ष' कहे नफरत के बीज कभी ना डालो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो,
दिल ना तुम किसी का तोड़ो।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda/